भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 935
गुरुवार, 9 फरवरी, 2023/20 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में कार्यान्वित किए गए विभिन्न परिपथ

935. श्री कनकमेदला रवींद्र कुमारः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश राज्य में सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे विभिन्न परिपथों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन परिपथों के लिए निर्धारित की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन परिपथों के लिए अब तक जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विभिन्न परिपथ परियोजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में तटीय और बौद्ध परिपथ थीम के तहत 3 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका विवरण अनुबंध में है ।

इन परियोजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों में पर्यटन अवसंरचना विकास से संबंधित घटक जैसे पर्यटन सुविधा केंद्र, पार्किंग सुविधाएं, सीसीटीवी प्रावधान, पाथवे, संकेतक, कॉटेज, सोलर लाइटिंग, लैंडस्केप वर्क, जन सुविधाएं, तट के सामने का विकास, फूड कोर्ट, एक्वा मरीन पार्क, एम्पीथिएटर आदि शामिल हैं ।

*****

अनुबंध

आंध्र प्रदेश में कार्यान्वित किए गए विभिन्न परिपथ के संबंध में दिनांक 09.02.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 935 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	थीमेटिक परिपथ /स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	भौतिक पूर्णता की स्थिति
1	तटीय परिपथ 2014-15	काकीनाडा-होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास	67.84	67.84	पूर्ण
2	तटीय परिपथ 2015-16	नेल्लोर-पुलिकट झील - उब्लामदुगु जल प्रपात - नेलपट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.55	47.76	पूर्ण
3	बौद्ध परिपथ 2017-18	शालिहुंडम- बाविकोंडा- अमरावती- अनुपु का विकास	24.14	24.14	पूर्ण

*****